Shri Ramchandra Kripalu Bhajman

श्रीराम-स्तुति

CHHAND · श्रीराम-स्तुति (विनयपत्रिका)

1 श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन हरण भवभय दारुणं।
नवकंज-लोचन, कंज-मुख, कर-कंज पद कंजारुणं॥

Shriramachandra krpalu bhaju man haran bhavabhay darunan.
Navakanj-lochan, kanj-mukh, kar-kanj pad kanjarunan.

2 कंदर्प अगणित अमित छबि, नवनील-नीरद सुंदरं।
पट पीत मानहु तड़ित रुचि शुचि नौमि जनक सुतावरं॥

Kandarpa aganit amit chhabi, navanil-nirad sundaran.
Pat pit manahu tarit ruchi shuchi naumi janak sutavaran.

3 भजु दीनबंधु दिनेश दानव-दैत्यवंश-निकंदनं।
रघुनंद आनँदकंद कोशलचंद दशरथ-नंदनं॥

Bhaju dinabandhu dinesh danav-daityavansh-nikandanan.
Raghunand anandakand koshalachand dasharath-nandanan.

4 सिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदारु अंग बिभूषणं।
आजानुभुज शर-चाप-धर, संग्राम-जित-खरदूषणं॥

Sir mukut kundal tilak charu udaru ang bibhushanan.
Ajanubhuj shar-chap-dhar, sangram-jit-kharadushanan.

5 इति वदति तुलसीदास शंकर-शेष-मुनि-मन-रंजनं।
मम हृदय-कंज निवास कुरु, कामादि खल-दल-गंजनं॥

Iti vadati Tulasidas Shankar-shesh-muni-man-ranjanan.
Mam hrday-kanj nivas kuru, kamadi khal-dal-ganjanan.

CHHAND · छन्द (रामचरितमानस, बालकाण्ड)

6 मनु जाहिं राचेउ मिलिहि सो बरु सहज सुंदर साँवरो।
करुना निधान सुजान सीलु सनेहु जानत रावरो॥

Manu jahin racheu milihi so baru sahaj sundar sanvaro.
Karuna nidhan sujan silu sanehu janat ravaro.

7 एहि भाँति गौरि असीस सुनि सिय सहित हियँ हरषीं अली।
तुलसी भवानिहि पूजि पुनि पुनि मुदित मन मंदिर चली॥

Ehi bhanti Gauri asis suni siy sahit hiyan harashin ali.
Tulasi bhavanihi puji puni puni mudit man mandir chali.

SORTHA · सोरठा

सो0 जानि गौरि अनुकूल सिय हिय हरषु न जाइ कहि।
मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे॥

Jani Gauri anukul siy hiy harashu na jai kahi.
Manjul mangal mul bam ang pharakan lage.

Text checked against: Gita Press, Gorakhpur: Shri Hanuman Chalisa (code 227). Meanings, audio and all scripts at nityapaath.com/ram-stuti/